दूर करो हे माता, प्रिय भक्तन प्यारी।। ओ३म् जय ज्येष्ठा माता।।

अमृत कुंड विराजे, कमल हाथ में साजे।

करे हित सभी का, निर्धन या राजे।। ओ३म् जय ज्येष्ठा माता।।

झूठी माया सारी, हम को लगती प्यारी।

अविद्या दूर करो, हे पीताम्बर धारी।। ओ३म् जय ज्येष्ठा माता।।

भक्ति बढ़ाने वाली, कोई युक्ति करो।

भयहारिणी माता तुम, भव भय सदा हरो।। ओ३म् जय ज्येष्ठा माता।।

हम अति दीन दुःखी माँ, तेरी आस खड़े।

जाने न विद्या कोई, तेरी शरण पड़े।। ओ३म् जय ज्येष्ठा माता।।

ओम् जय ज्येष्ठा माता, जय जय ज्येष्ठा माता।

तू ही कष्ट निवारे, हे माँ सुख दाता।। ओ३म् जय ज्येष्ठा माता।।

ओ३म् जय ज्येष्ठा माता।।

ओ३म् जय ज्येष्ठा माता।।

श्री लक्ष्मी जी की आरती

ओ३म् जय लक्ष्मी माता, मैया जय लक्ष्मी माता।
तुमको निशदिन सेवत, हर विष्णु दाता, ओ३म् जय लक्ष्मी माता।।
उमा, रमा, ब्रह्माणी, तु ही जग माता, मैया तु ही जग माता।
सूर्य-चन्द्रमा ध्यावत, नारद ऋषि गाता, ओ३म् जय लक्ष्मी माता।
दुर्गा रूप निरंजनि, सुख-सम्पति दाता, मैया तु ही सुख-सम्पति दाता।
जो कोई तुमको ध्यावत, ऋद्धि-सिद्धि धन पाता, ओ३म् जय लक्ष्मी माता।।
तुम पाताल-निवासिनि, तुम ही शुभदाता, मैया तु ही शुभदाता।
कर्म-प्रभाव-प्रकाशिनि, भवनिधि की त्राता, ओ३म् जय लक्ष्मी माता।।
जिस घर में तुम रहती, सब सद्गुण आता, मैया सब सद्गुण आता।
सब सम्भव हो जाता, मन नहीं घबराता, ओ३म् जय लक्ष्मी माता।

तुम बिन यज्ञ न होते, वस्त्र न हो पाता, मैया वस्त्र न हो पाता।
खान-पान का वैभव, सब तुमसे आता, ओ३म् जय लक्ष्मी माता।।
शुभ-गुण मंदिर सुन्दर, क्षीरोदधि-जाता, मैया क्षीरोदधि-जाता।
रत्न चतुर्दश तुम बिन, कोई नहीं पाता, ओ३म् जय लक्ष्मी माता।।
महालक्ष्मी जी की आरती, जो कोई जन गाता, मैया जो कोई जन गाता।
उर आनन्द समाता, पाप उतर जाता, ओ३म् जय लक्ष्मी माता।।

श्री लक्ष्मी-वन्दना

महालक्ष्मि नमस्तुभ्यं नमस्तुभ्यं सुरेश्वरि।
हरिप्रिये नमस्तुभ्यं नमस्तुभ्यं दयानिधे।।

आरती श्री गंगा जी

ओ३म् जय गंगे माता, मैया जय गंगे माता।
जो नर तुमको ध्याता, मनवांछित फल पाता, ओ३म् जय गंगे माता।।
चन्द्र सी ज्योति तुम्हारी, जल निर्मल आता, मैया जल निर्मल आता।
शरण पड़े जो तेरी, सो नर तर जाता, ओ३म् जय गंगे माता।।
पुत्र सागर के तारे, सब जब को ज्ञाता, मैया सब जग को ज्ञाता।
कृपा दृष्टि हो तुम्हारी, त्रिभुवन सुख दाता, ओ३म् जय गंगे माता।।
एक बार जो प्राणी, शरण तेरी आता, मैया शरण जो तेरी आता।
यम की त्रास मिटाकर, परमगति पाता, ओ३म् जय गंगे माता।।
आरती मातु तुम्हारी, जो नर नित गाता, मैया जो नर नित गाता।
सेवक वही सहज में, मुक्ति को पाता, ओ३म् जय गंगे माता।।

नवग्रहपीडाहर स्तोत्रम्

सूर्य	ग्रहाणाम्-आदिर्-आदित्यो-लोकरक्षण-कारकः, विषमस्थान-सम्भूतां-पीडां-हरतु-मे रविः।।
चन्द्रमा	रोहिणीशः सुधामूर्तिः सुधागात्रः सुधाशनः, विषमस्थान-सम्भूतां-पीडां-हरतु-मे विधुः।।
भौम	भूमिपुत्रो महातेजो जगतां भयकृत् सदा, वृष्टिकृद्-वृष्टि-हर्ता च पीडां हरतु मे कुजः।।
बुध	उत्पातरूपो जगतां चन्द्र पुत्रो महाद्युतिः, सूर्यप्रिय करो विद्वान, पीडां हरतु मे बुधः।।
बृहस्पति	देवमन्त्री विशालाक्षः, सदा लोकहिते रतः, अनेक शिष्यसम्पूर्णः पीडां हरतु मे गुरुः।।
शुक्र	दैत्यमन्त्री गुरुस्तेषां प्राणदश्च महामतिः, प्रभुस्तारा ग्रहाणां च पीडां हरतु मे भृगुः।।
शनि	सूर्यपुत्रो दीर्घदेहो विशालाक्षः शिवप्रियः, मन्दाचारः प्रसन्नात्मा पीडां हरतु मे शनिः।।
राहु	महाशिरो महावक्त्रो दीर्घदंष्ट्रो महाबलः, अतनुश्चोर्ध्वकेशश्च पीडां हरतु मे शिखीः।।
केतु	अनेक-रूप-वर्णश्च शतशोथ सहस्त्रशः, उत्पादरूपो जगतां पीडां हरतु मे तमः।।

एक-श्लोकी- नवग्रहस्तोत्रम्

ब्रह्मा- मुरारिः- त्रिपुरान्त- कारी, भानुः शशी भूमिसुतो बुधश्च, गुरुश्च शुक्रः शनि- राहु केतवः कुर्वन्तु सर्वे मम सुप्रभातम्।।

आरती

ॐ जय जगदीश हरे, स्वामी जय जगदीश हरे

भक्तजनों के संकट क्षण में दूर करे, ॐ जय जगदीश हरे

जो ध्यावे फल पावे दुखविनशे मन का

सुख सम्पत्ति घर आवे कष्ट मिटे तन का, ॐ जय जगदीश हरे

मात पिता तुम मेरे शरण पडों किसकी

तुम बिन और न दूजा आस करू जिसकी।। ॐ जय जगदीश हरे

तुम-पूरण परमात्मा तुम अन्तर्यमी

पारब्रह्म परमेश्वर तुम सबके स्वामी। ॐ जय जगदीश हरे

तुम करूणा के सागर तुम पालन कर्ता
में सेवक तुम स्वामी कृपा करो भर्ता। ॐ जय जगदीश हरे
तुम हो एक अगोचर सब के प्राणपति
किस विधि मिलों दयामय तुमको में कुमति। ॐ जय जगदीश हरे
दीन बन्धु दुख हर्ता रक्षक तुम मेरे
अपने चरण लगाओ द्वार पडा तेरे। ॐ जय जगदीश हरे
विषय विकार मिटाओ पाप हरो देवा
श्रद्धा भक्ति बढाओ सन्तन की सेवा। ॐ जय जगदीश हरे
ॐ जय जगदीश हरें ।
ॐ जय जगदीश हरें।   ॐ जय जगदीश हरें।



'बोड दरबार'

-डॉ. रोशन सराफ (रोशि रोशि)

ओंम नमो भगवते गोपीनाथाय, चानि पूज़ये वंदव मन तॅ प्राण,
बजि बारगाहे आमुत्य पज़ि श्रदाये, चानि पूज़ाये वंदव मन तॅ प्राण।।
भक्त्यन आश चान्य, चान्यी, छख सथा, वथा असलुच्य हावतख कॉंह,
तार दितॅ भवसर पनुनि यछायें, चानि पूज़ाये ।।

केंचन रूगन शफा, केंचन दाद्यन दवा, केंचन ख़ा गोंछ लोलु अमरयथ,
सूर मनकलि हुंद सारिनय बलरावे, चानि पूज़ाये ।।
डॉल्या ह्यथ यिवान लोलुच्य हतुबद्य, वद्य-वद्य बोजनावान हाल दिलकुय,
अशि सूत्य गौड दिवान न्र्यमल ख़्रावे-चानि पूज़ाये ।।
सदॅराह कठिन छुख-वोरू वोर करान, तुलान गतु ग्यूर आवलुन छुख,
नम रठतु पानय यथ भवसर नावे-चानि पूज़ाये ।।
मोल चुय मॉज्य चुय-चुय छख भगवान, बखशान चु पापन तु शापन छुख,
अनुग्रह चोन वातान जायि जाये- चानि पूज़ाये ।।
व्यचारन शौंद्धि- वेकलस बौंद्धि, खौंद्धि दितु पथर प्येमुत्यन,
अथुरोट कर पनुन पनिने प्रजाये -चानि पूज़ाये ।।
चोन नाव सुबु शाम स्वखना पखना, जखना लोल सूत्य समरण चॉन्य,
रोशि-रोशि युथ खसि खुमार ग्रायि ग्राये-चानि पूज़ाये ।।

जन्म दिन पूजा

प्रातः काल स्नान करके नये अथवा स्वच्छ वस्त्र धारण करें। पवित्र आसन इस प्रकार बिछायें कि बैठने पर आप का मुख पूर्व दिशा की ओर रहे। एक कम्बल (चादर) बिछायऐ जिस पर पूजा समग्री रखें। एक थाली में साफ चावल, नमक तथा दक्षिणा सजा कर रखें। नया यज्ञोपवीत (जनेऊ), सात गॉठ लगा हुआ नारीवन, अर्घ्य, पुष्प, धूप, तिलक (संभव हो तो केसर का) थोड़ा सा दूध और दही, स्वच्छ जल से भरा पानी का लोटा, एक दो कटोरियॅ आसन पर तैयार रखें। पवित्र या अंगूठी अथवा दर्भ के दो तिनके भी रखें। पूर्व दिशा की ओर मुख करके बैठें, रत्नदीप और धूप जलायें। नया यज्ञोपवीत (जनेउ) धोते हुए गायत्री मन्त्र

ॐ भूर्भुवः स्वः तत् सवितुर वरेण्यं भर्गो देवस्य धीमहि धियोयो नः प्रचोदयात् ।।

तीन बार पढ़ें। फिर इसे गले में डालते हुए पढ़ें

यज्ञोपवीतं परमं पवित्रं प्रजापतेर्यत् सहजं पुरस्तात्, आयुष्यं अग्रयं प्रतिमुञ्च शुभ्रं यज्ञोपवीतं बलमस्तु तेजः, यज्ञोपवीतं असि यज्ञस्यत्वा उपवीतेन उपनह्यामि । *इसके बाद पढ़ें*

शुक्लाम्बरधरं विष्णुं शशिवर्णं चतुर्भुजम्। प्रसन्नवदनं ध्याये सर्व विघ्नोपशान्तये। अभिप्रेतार्थ सिद्धयर्थं पूजितो यः सुरैर्अपि सर्व-विघ्नच्छिदे तस्मै गणाधिपतये नमः। गुरुब्रह्मा गुरु विष्णु गुरु साक्षात् महेश्वरः। गुरुरेव जगत् सर्वम् तस्मै श्री गुरुवे नमः।।

पानी की छीटें (लवह) हृदय और मुख को छिड़कते हुए पढ़ें

तीर्थे स्नेयं तीर्थमेव समानानां भवति। मा नः शंस्योर् अरूरूषो धूर्तिः प्राणङ्. मर्त्यस्य रक्षाणो ब्रह्मणस्पते। *अनामिका उंगली में पवित्र या अंगूठी या दर्भ के दो तिनके या कोई फूल धारण करके अपने आप को तिलक, अर्घ्य और फूल लगाते हुए पढ़ें ।*

परामत्मने पुरुषोतमाय पंचभूतात्मकाय विश्वात्मने मन्त्रनाथाय आत्मने नारायणाय आधारशक्त्यै समालभनं गन्धो नमः अर्घो नमः पुष्पं नमः।

रत्नदीप और धूप को तिलक, अर्घ्य और पुष्प अर्पण करें। सूर्य भगवान का ध्यान करते हुए तिलक, अर्घ्य और फूल अर्पण करते हुए पढ़ें । **नमो धर्म-निधानाय नमः स्वकृतसाक्षिणे। नमः प्रत्यक्षदेवाय्र श्री भास्कराय नमो नमः।** *खाली रखी हुई थाली में नारीवन को रखें और उस पर कटोरी से जल की धारा डालते हुए पढ़ें।*

यत्रास्ति-माता न पिता न बन्धु-र्भ्रातापि नो यत्र सुहृत्-जनश्च न ज्ञायते यत्र दिनं न रात्रि-स्तत्रात्मदीपं शरणं प्रपद्ये। आत्मने नारायणाय-आधारशक्त्यै धूपदीपसङ्.-कल्पात् सिद्धिर्-अस्तु धूपो नमः दीपो नमः।

कटोरी में जल डालें और उसमें तिलक और पुष्प डालते हुए पढ़े

सं वः सृजामि हृदयं, संसृष्टं मनो अस्तु वः, संसृष्टः तन्वः सन्तु वः, संसृष्टः प्राणाः अस्तु

वः, संयावः प्रियास्तन्वः, संप्रिया हृदयानि वः। आत्मा वो अस्तु संप्रियः संप्रियस्तन्वो मम।

अब इस कटोरी में रखा हुआ जल नारीवन पर डालते हुए पढ़ें

अश्विनोः प्राणस्तो ते प्राणं दतां तेन जीव । बृहस्पते प्राणः सते प्राणं ददातु तेन जीव जन्मोत्सव देवताभ्यः जीवादानं परिकल्पयामि नमः।

चावल के साथ दर्भ के दो तिनके या दो फूल हाथ में रखते हुए तीन बार गायत्री मन्त्र पढ़ें

ॐ भूर्भुवः स्वः तत् सवितुर वरेण्यं भर्गो देवस्य धीमहि धियोयो नः प्रचोदयात् ।।

ॐ जन्मोत्सव देवतानां अर्चाम् अहं करिष्ये ॐ कुरूष्व।

हाथ में लिए हुए फूल या दर्भ आदि निर्माल्य में डालें। पुनः नारीवन के सामने दो पुष्प डालते हुए पढ़ें

सप्तचिर जन्मोत्सव देवतानां आसनं नमः

हाथ में चावल सहित दर्भ या फूल लें और फिर कन्धें से सिर्फ चावल फैंकते हुए पढ़ें

सप्तचिर जन्मोत्सव देवताभ्यः युष्मान् पूजयामि ॐ पूजय *दो फूल हाथ में पकड़ते हुए पढ़ें* सहस्त्रशीर्षा पुरुषः सहस्त्राक्षः सहस्त्रपात्। सभूमिम् विश्वतो वृत्वात्यतिष्ठत् दशांगुलम् जन्मोत्सव देवताः आवाहयिष्यामि ॐ आवाहय।

पहले से रखे हुए दर्भ के दो तिनके निर्माल्य में डालकर नारीवन पर फूल डालते हुए तीन बार पढ़ें

भगवन् पुण्डरीकाक्ष भक्तानुग्रह कारक अस्मात् दयानुरोधेन सन्निधानं कुरु प्रभो।

अपने दोनों कन्धों के ऊपर चावल फैंक कर प्राणायाम करें। फिर कटोरी में जल डालते हुए पढ़ें

पाद्यर्थम् उदकम् नमः शन्नो देवीरभिष्ठय आपो भवन्तु पीतये। शंयोर अभिस्नवन्तु नः।

फूल, दूध, तिलक, दर्भ तथा जल कटोरी में डालकर नारीवन पर यह सब मिश्रण डालते हुए पढ़ें

अश्वत्थामने बलये व्यासाय हनुमते कृपाचार्याय मार्काण्डेयाय परशुरामाय सप्तचिरजीवेम्यः पाद्यं नमः *कटोरी में बचा हुआ मिश्रण निर्माल्य में डालें। दुबारा कटोरी में पानी डालते हुए पढ़ें*

शन्नो देवीर् अभीष्टये आपो भवन्तु पीतये। शंयोर् अभिस्नवन्तु नः। *दूध, दही, जल, घी, तिलक, चावल, और दर्भ कटोरी में डालें और यही मिश्रण नारीवन पर डालते हुये पढ़ें*

अश्वत्थामन बलये व्यास हनुमते कृपाचार्य मार्काण्डेय परशुरामाय सप्तचिरजीविनः इदं वो अर्घ्यं नमः *केवल पानी डालते हुए पढ़ें* प्रजापते जन्मोत्सव देवताभ्यः आचमनीयं नमः *दूध, जल, अर्घ्य और पुष्प आदि का मिश्रण डालते हुए पढ़ें* तद्विष्णोः परमं पदं सदा पश्यन्ति सूरयः दिवीव चक्षुराततम् तत् विप्रासो विपण्यवो जागृवांसः समिन्धते विष्णोर्यत् परमं पदम्। प्रजापति जन्मोत्सव देवताभ्यः स्नानं नमः। *किसी अन्य कटोरी में नारीवन के लिए फूलों से आसन बनाते हुए पढ़ें*

आसनाय नमः गरुडासनाय नमः पद्मासनाय नमः शतदल पद्मासनाय नमः, सहस्त्रदल पद्मासनाय नमः। किमासनं ते गरुढासनाय, किं भूषणं ते कौस्तुभ भूषणाय, लक्ष्मीकलत्राय, किम् अस्ति, देयं वागीश किं ते वचनीयम् अस्ति।। *नारीवन को आसन पर बिठाते हुए पढ़ें*

उत्तिष्ठ भगवान् विष्णो उत्तिष्ठ कमलापते। उत्तिष्ठ त्रिजगन्नाथ त्रैलोकी मंगलं कुरु।।

नारीवन के सात गाठों को तिलक लगाते हुए पढ़ें अश्वत्थाम्ने, बलये, व्यासाय, हनुमते, कृपाचार्याय, मार्कण्डेयाय, परशुरामाय सप्तचिर-जीवेभ्यः समालभनं गन्धो नमः।

इन्ही सात नामों का उच्चारण करते हुए नारीवन पर अर्घ्य और पुष्प चढ़ाते हुए पढ़ें अश्वत्थाम्ने, बलये, व्यासाय, हनुमते, कृपाचार्याय, मार्कण्डेयाय, परशुरामाय सप्तचिर-जीवेभ्यः:अर्घो नमः:पुष्पं नमः

रत्नदीप और धूप नारीवन के इर्द-गिर्द घुमाते हुए (आलहनाव) पढ़ें

तेजसो शुक्रमसि ज्योतिरसि धामसि प्रियं देवानाम अनादृष्टं देवयजनं देवताभ्यस्तवा देवताभ्यो गृहणामि यज्ञेभ्यस्त्वा यज्ञिभ्यो गृहणामि जन्मोत्सव देवताभ्यः रत्नदीपं कर्पूरं च परिकल्पयामि नमः

नारीवन को नमस्कार करते हुए पढ़ें

जय नारायण जय पुरुषोतम जय वामन कंसारे, उद्धर मामसुरेश विनाशिन् पतितोहं संसारे । घोरं हर मम नरकरिपो केशव कल्मषभारं, माम अनुकम्पय दीनम् अनाथं कुरु भव सागरपारम्, घोरं हर मम नरकरिपो केशव कल्मषभारं ।।१।। जय जय देव जया सुरसूदन जय केशव जय विष्णो, जय लक्ष्मीमुख कमल मधुव्रत जयदशकन्धर जिष्णो। घोरं हर मम नरकरिपो केशवकल्मषभारं ।।२।। यद्यापि सकलम् अहं कलयामि हरे नहि किम् अपि स सत्वम् । तत् अपि न मुञ्चति माम इदम् अच्युत पुत्रकलत्र ममत्वं । घोरंहर मम नरकरिपो केशव कल्मषभारं ।।३।। पुनर् अपि जननं पुनर् अपि मरणं पुनर अपि गर्भ निवासम् । सोढुम् अलं पुनर अस्मिन् माधव माम् उद्धर निजदासम् । घोरंहर मम नरकरिपो केशव कल्मषभारं ।।४।। त्वं जननी जनकः प्रभुर अच्युत त्वं सुहृत् कुलमित्रम । त्वं शरणं शरणा गतवत्सल त्वं जलधि वहित्रं । घोरं हर मम नरकरिपो केशव कल्मषभारं ।।५।। जनक सुता पति चरण परायण शंकर मुनिवर गीतं । धारय मनसि कृष्ण पुरुषोतम वारय संसृति भीतिम् । घोरं हर मम नरकरिपो केशव कल्मषभारं ।।६।। भगवते वासुदेवाय लक्ष्मीसहिताय नारायणाय

सप्तजन्मोत्सव देवताभ्यः चामरं छत्रं परिकल्पयामि नमः

नारीवन पर फूल चढाते हुए पढ़ें

ध्येयं सदा परिभवघ्नम् अभीष्टदोहं तीर्थास्पदं शिव विरञ्चि नुतं शरण्यम्। भृत्यार्तिहं प्रणतपाल भवाब्धिपोतं। वन्दे महापुरुष ते चरणारविन्दम्

नारीवन को नमस्कार करते हुए पढ़ें

उभाभ्यां जानुभ्यां पाणिभ्यां शिरसा उरसा वचसा च अष्टांग-नमस्कारं करोमि नमः *कटोरी में थोड़ा दूध, शहद, या खाण्ड रख कर अर्पण करते हुये पढ़ें*

वासुदेवाय लक्ष्मीसहिताय नारायणाय प्रजापति-जन्मोत्सवदेवताभ्यः मात्रामधुपर्क ॐ नमो नैवेद्यं निवेदयामि नमः। *नारीवन पर दक्षिणा डालते हुये पढ़ें* जनमोत्सव देवताभ्यः दक्षिणायै तिल हिरण्य रजत निष्कर्ष ददानि। *दक्षिणा अर्पण करते हुये पढ़ें* एता देवताः सदक्षिणान्नेन प्रीयन्तां प्रीताः सन्तु ॥ *फूल चढ़ाते हुये पढ़ें* ओं तद्विष्णोः परम पदं सदापश्यन्ति-सूर्यः दिवीव चक्षुर-आततम्। तद्विप्रासो विपण्यवो जागृवांसः समिन्धते विष्णोर्यत्परमं पदम्। *अब नैवेद्य तहर या क्षीर थाली में लाकर एक पात्र में अलग चट़ू और पांच म्यचिर्यां रखें, नैवेद्य के साथ ही मिसरी भी रखें। नैवेद्य की थाली को दोनों हाथों से पकड़कर सारा प्रप्युन*

पढ़ें (प्रेप्युन विजयेश्वर जन्त्री में अलग से लिखा है, वहीं से पढ़े)। प्रेप्युन के बाद पढ़ें **आज्ञा मे दीयतां नाथ नैवैद्यस्यास्य भक्षणे। शरीरयात्रा सिद्ध्यर्थ भगवन क्षन्तुम अर्हसि।।** *नारीवन पर पुष्प चढाते हुए पढ़ें* **आपन्नोस्मि शरण्योसि सर्वावस्थासु सर्वदा। भगवंस्त्वां प्रपन्नोस्मि रक्ष मां शरणागतम ।** *पवित्र निकालकर दाईं कलाई में नारीवन बांधिए। चृटू को बाहर कहीं साफ स्थान पर रखें। निर्माल्य को नदी या पेड़ के नीचे या किसी गमले में डाल कर नैवेद्य के साथ दही, मिश्री या चीनी दाईं हथेली में रखकर मुँह में डालते हुए पढ़ें* **माकार्डण्डेय नमस्तुभ्यं सप्तकलपान्त जीवन, आयुर्-आरोग्य सिद्ध्यर्थ प्रसीद भगवन मुने। मार्काण्डेय महाभाग सप्तकल्पान्त-जीवन, चिरन्जीवी यथा त्वं तु मुनीनां प्रवरद्विज, कुरुष्व मुनिशार्दूल, तथा मां चिरजीविनम् ।।**

शान्तिः शान्तिः शान्तिः।।

इति जन्मदिन पूजा विधि

प्रेप्युन

।। अथ नैवेद्य मन्त्राः ।।

एक थाली में नैवेद्य तथा दूसरी थाली में चट्टू और उसकी पांच म्यचियां या टुकडे रखें। चट्टू को तिलक, अर्घ्य और फूल अर्पण करें। शुद्ध पानी अपने आप पर छिडकें, दोनों हाथों से नैवेद्य ग्रहण करते हुये पढ़ें

अमृतेश मुद्रयाऽमृतीकृत्य अमृतमस्य अमृतायतां नैवेद्य। सावित्राणि सावित्रस्य देवस्यत्वा सवितुः प्रसवेऽश्विनो र्बाहुभ्यां पूष्णो हस्ताभ्यामाददे।। महागणपतये कुमाराय श्रियै सरस्वत्यै लक्ष्म्यै विश्वकर्मणे द्वारर्देवताभ्यः प्रजापतये ब्रह्मणे कलशदेवताभ्यः ब्रह्मविष्णु महेश्वरदेवताभ्यः चातुर्वेदेश्वराय सानुचराय ऋतुपतये नारायणाय दुर्गायै त्र्यम्बकाय वरुणाय यज्ञ-पुरुषाय अग्निष्वातादिभ्यः पितृगणदेवताभ्यः। ॐ भगवते वासुदेवाय लक्ष्मी सहिताय नारायणाय, भवाय देवाय पार्वतीसहिताय परमेश्वराय विनायकाय वल्लभासहिताय श्रीगणेशाय । क्लीं कां कुमाराय भगवते हां हीं सः सूर्याय प्रभासहिताय आदित्याय भगवत्यै अमायै कामायै

चार्वङ्ग्यै टंकधारिण्यै तारायै पार्वत्यै यक्षिण्यै श्री शारिका भगवत्यै श्री शारदा भगवत्यै श्री महाराज्ञी भगवत्यै श्री ज्वाला भगवत्यै श्री व्रीढा भगवत्यै श्री वैखरी भगवत्यै वितस्ता भगवत्यै गंगा भगवत्यै यमुना भगवत्यै कालिका भगवत्यै सिद्धलक्ष्म्यै महालक्ष्म्यै महात्रिपुरासुन्दर्यै सहस्त्रनाम्न्यै देव्यै भवान्यै अभयंकरी देव्यै भवान्यै क्षेमंकरी भगवत्यै सर्वशत्रुघातिण्यै इहराष्ट्राधिपतये अमुकभैरवाय इन्द्रदिभ्यो शलोकपालेभ्यः आदित्यादिभ्यो नवग्रहदेवताभ्यः ब्रह्मधुवाभ्यां अनन्तागस्त्याभ्यां ब्रह्मणे कूर्माय ध्रुवाय हरये लक्ष्म्यै कमलायै शिख्यादिभ्यः पञ्च चत्वारिंशिंद्वास्तोष्पतियागदेवताभ्यः ब्राह्मयादिम्यो मातृभ्यः ललितादिभ्यः मातृभ्यः ललितादिभ्यः मातृभ्यः दुर्गाक्षेत्रा गणेश्वरदेवताभ्यः राकादेवता भ्यः त्रिकादेवताभ्यः सिनी वालीदेवताभ्यः यामीदेवताभ्यः रौद्रीदेवताभ्यः वारुणीदेवताभ्यः वार्हस्पत्य देवताभ्यः। ॐ भूर्देवताभ्यः ॐ भुवो देवताभ्यः ॐ स्वर्देवताभ्यः ॐ भूर्भुवस्वर्देवतभ्यः अखण्ड ब्रह्माण्डयागदेवताभ्यः महागायत्र्यै सावित्र्यै हेरकादिभ्यः वटुकादिभ्यः उत्पन्नमतृं दिव्यं प्राक्रक्षी-रोदधिमन्थनात् अन्नामृतरूपेण नैवेद्यं प्रति गृह्यताम् ॥ *अपने इष्ट देवता का ध्यान करते हुये पढ़ें :* ॐ तत्सद् बृह्म अद्यतावात् तिथौ अद्य अमुक मासस्य, अमुक पक्षस्य, तिथौ अमुकायां, आत्मनो वाङ्गमनः कायोपार्जितपाप निारणार्थम ॐ

नमो नैवेद्यं निवेदयामि नमः। *चट्टु को हाथ से स्पर्श करते हुए पढ़ें* या काचित् योगिनी रौद्रा सौम्या घौरतरा परा, खेचरी भूचरी रामा तुष्टा भवन्तु मे सदा, *चट्टु को तिलक लगाते हूये पढ़ें* आकाश मातृभ्यः अन्नं नमः आकाशमातृभ्यः समालभनं गन्धो नमः अर्घो नमः पुष्पं नमः। *चट्टू की सात म्यचियॉं बनाकर हर एक मिची के सात सपर्ष करते हूये पढ़ें* 1. भगवते वासुदेवाय अन्नं क्षीरं मोदकादीन् समर्पयामि नमः। 2. भगवते भवाय देवाय अन्नं समर्पयामि नमः। 3. भगवते विनायकाय अन्नं समर्पयामि नमः4. ह्रीं ह्रीं सूर्याय अन्नं समर्पयामि नमः। 5.इष्टदेवी भगवत्यै अन्नं मोदकान् मिष्ठानं क्षीरं समर्पयामि नमः। *अंतिम दो म्यचियों को स्पर्श करे तथा अर्घ, फूल व पानी डालते हूये पढ़ें* योस्मिन् निवसति क्षेत्रे क्षेत्रपालः सकिंकरः तस्मै निवेदयाम्यद्यबलिं पानीय संयुतं क्षां क्षेत्राधिपतयेऽन्नं नमः, राराष्ट्राधिपत येऽन्नं नमः सर्वा भयवरपदो मयि पुष्टिं पुष्टि पति र्दधातु । *नमस्कार करते हुए पढ़ें* नमामि नारायण पादपंकजं, करोमि नारायणपूजनं सदा वदामि नारायण नामनिर्मलं स्मरामि नारायण तत्वम् अव्ययम् । उभाभ्यां जानुभ्यां पाणिभ्यां शिरसा वचसा उरसा नमस्कारं कारोमि नमः। शान्तिः शान्तिः शान्तिः।।

श्राद्ध संकल्प विधि

'श्रद्धया दीयते यस्मात् तस्मात् श्राद्धं निगद्यते'। अर्थात जो वस्तु श्रद्धा से दी जाती है उसे 'श्राद्ध' कहते हैं। देव ऋण, ऋषि ऋण और पितृ ऋण से मुक्ति पाने के लिए श्राद्ध आवश्यक है। श्राद्ध संकल्प के लिए पहले यह सामग्री इक्कठी कीजिए:
एक थाली में चावल (साफ किए हुए) नमक, फल तथा दक्षिणा सजा कर रखें। आसन इस तरह बिछायें कि आप का मुख पूर्व दिशा की ओर रहे। सामग्री से सजी थली आसन पर रखें, ताज़ा पानी का लोटा, थोडा सा तिल, धूप, अर्घ्य फूल और तिलक भी आसन पर रखें। जिस पितृ का श्राद्ध हो उसके फोटो पर फूल माला लगायें। पद्मासन लगा कर पूर्व दिशा की तरफ मुँह करके बैठें, धूप जला कर रखें। यज्ञोपवीत को दाहिनी तरफ रखते हुए नमस्कार करें और पढ़ें

शुक्लाम्बरधरं विष्णुं शशिवर्णं चतुर्भुजम् प्रसन्नवदनं ध्याये सर्व-विघ्नोपशान्तये।। अभिप्रीतीर्थ-सिद्धयर्थ पूजितो यःसुरैर्-अपि। सर्व-विघ्नच्छिदे तस्मै गणाधिपत्ये नमः। गुरुब्रह्मा गुरु विष्णु गुरु साक्षात् महेश्वरः। गुरुरेव जगत् सर्वम् तस्मै श्री गुरुवे नमः।। परम गुरूवे नमः

पानी की छीटें लवह मुहँ और पैरों को डालते हुए पढ़ें तीर्थे स्नेयं तीर्थमेव समानानां भवति मा नः शंस्योर अररुषो धूर्तिः प्राणङ् मर्त्यस्य रक्षाणो ब्रह्मणस्पते।

पवित्र या अंगूठी अनामिका नामक उंगली में पहनकर अपने को मध्यमा उंगली से तिलक लगायें। थोड़ा सा अर्घ्य और फूल अपने

सिर पर डालें। आसन पर रखी हुई खाली थाली में थोड़ा तिलक, अक्षत, (चावल के साबूत दाने) और फूल डालें। सूर्य भगवान् का ध्यान करके थोड़ा सा तिलक अर्घ्य सूर्य की तरफ डालते हुए पढें

नमो धर्मनिधनाय नमः

स्वकृत साक्षिणे, नमः प्रत्यक्षदेवाय भास्कराय नमो नमः *हाथ में अर्घ्य रखकर एक कटोरी से पानी ऐसे डालें कि वह पानी उंगलियों की तरफ से थाली में गिरना चाहिए और साथ-साथ पढ़ें*

यत्रास्ति माता न पिता न बन्धु भ्रातापि न यत्र सुहृतजनश्च न ज्ञायते

यत्र दिनं न रात्रिः तत्रात्म दीपं शरणं प्रपद्ये ॐ तत् सत् ब्रह्मा अद्य तावत् तिथौ *जो महीना है उसका नाम लें जैसे वैशाख* **मासस्य** *शुक्ल या कृष्ण जो भी पक्ष हो* **पक्षस्य** *जो भी तिथि हो जैसे प्रतिपदा अथवा द्वितीया आदि* **तिथौ** *जो भी वार हो जैसे रविवार अथवा सोमवार आदि* **वासरान्वितायां विष्णु प्रीत्यर्थम दीप धूप संकल्पात् सिद्धिर् अस्तु दीपो नमः धूपो नमः।** *यज्ञोपवीत को बाईं-भुजा में धारण करके तिल हाथ में रखकर पानी डालते हुए अंगूठे की ओर से थाली में गिरना चाहिए पढ़ें* **ॐ तत् सत् ब्रह्म अद्य तावत् ,,,, मासस्य ,,,, पक्षस्य ,,,,तिथौ** *यदि श्राद्ध तिथि देवा हो तो तिथि बोलकर अगली तिथि भी 'परत' के साथ पढ़ें* **वासरान्वितायां** *गोत्र*

सहित नाम लें **पित्रे** *पिता का नाम लें* **मात्रे** *माता का नाम लें* **पितामहाय** *दादा का नाम लें* **प्रपितामहाय** *पडदादा का नाम लें* **मातामहाय** *नाना का नाम लें* **प्रमातामहाय** *माता के दादा का नाम लें* **वृद्धप्रमातामह** *माता के पढदादा का नाम लें* **मातामह्यै** *नानी का नाम लें* **प्रमातामह्यै** *मां की दादी का नाम ले* **वृद्ध प्रमातामह्यै** *मां की पढदादी का नाम लें* **समस्त माता पितृभ्यः द्वादयश दैवतेभ्यः पितृभ्यः दीपः स्वधः धूपः स्वधः**:*जिस पितृ का श्राद्ध हो उसका नाम गोत्र के साथ लेकर मुठठी में पानी रखकर थाली में रखे हुए चावल, नमक, फल, दक्षिणा आदि पर छिड़कते हुए पढें* **ॐ तत् सत् ब्रह्म अद्य तावत्,,,तिथौ अद्य,,,मासस्य,,,पक्षस्य ,,,, तिथौ,,,वासरा सांवत्सरिके श्राद्धे** *यदि पितृपक्ष हो तो पढें* **आपरपक्षे कन्यार्कगते पितृ पक्ष श्राद्धे इदं अन्नं सलवणं सवस्त्रं फलमूलसहितं सदक्षिणां संकल्पयामि संकल्पयामि** *फिर दायें वाजू में यज्ञोपवीत रखकर पढ़ें*

ॐ शान्ति शान्ति शान्ति ॥

पत्र कथा

एक समय नैमिषारण्य तीर्थ में ऋषियों ने श्रीसूत जी से पूछा, हे मुनिश्रेष्ठ। कोई ऐसा व्रत अथवा उपाय बतलाइये जिससे संसार की सभी मानवजाति थोडे से ही समय में किसी सरल उपाय से मनोवांच्छित फल तथा मानिसक शान्ति प्राप्त कर सके। सर्वशास्त्रज्ञाता श्री सूत जी बोले हे ऋषियो। आप ने मानवजाति के हित की बात पूछी अब मैं उस व्रत को आप लोगों में कहूँगा – अत: आप ध्यान से सुनिये – काशी नगरी में एक निर्धन ब्रह्मण रहता था। वह अति निर्धन होने के कारण भूख और प्यास से पीडित घूमता रहता था। पूर्वजन्म के किसी शुभ संस्कार से भगवान् आदि देव श्री गणेश जी का स्मरन प्राय: करता ही रहता था, उस ब्राह्मण को इस दुर्दशा से मुक्त करने के निमित्त सभी दु:खों तथा विघ्नों को दूर कने वाले श्री गणेश जी ने ब्राह्मण का रूप धारण कर उस के पास आकर आदर के साथ पूछा – हे ब्राह्मण देवता! आप ऐसी शौचनीय तथा दु:खी दशा में क्यों घूमते हैं, ब्राह्मण बोला मैं बहुत निर्धन हूँ, तथा मेरा कोई पुत्र भी नहीं है जो मेरी कुछ सेवा करता, मेरा शरीर भी रोगी है तथा मेरी पत्नी भी शरीर के रोगों और धन के अभाव से दू:खी रहती है। हे दयालु, ब्राह्मण देवता! यदि आप इस कष्ट से हमें निकालने का कोई उपाय जानते हैं तो कृपा कर के मुझे बताइये। वृद्ध ब्राह्मण बोला – गणेश जी, जो ऋद्धि सिद्धि के स्वामी है तथा जो विघ्नहर्ता माना जाता है – उसी आदिदेव गणेश जी का व्रत धारण करने से आपको अवश्य मनोवांछित फल की प्राप्ति होगी। यह गणेश जी का व्रत जिसको ''सिद्धि विनायक व्रत'' कहते हैं भाद्रशुक्लपक्ष चतुर्थी को किया जाता है। यदि इस चतुर्थी के दिन रविवार या मंगलवार हो तो इस व्रत को महाचतुर्थी व्रत कहते हैं। यह व्रत ''गणंपति चतुर्थी'' या विनायक चतुर्थी के नाम से भी प्रसिद्ध है। यह भाद्रपक्ष मास गणेश जी द्वारा ऋद्धि सिद्धि बाँटने का मास है। अत: इस मास में शुक्लपक्ष में किसी शुभ दिन पर गणेशपूजन तथा मोदक आदि गणेश जी को अर्पण करने से भक्तों की हर एक मनोकामना सिद्ध होती है यह पर्व कश्मीरी पण्ड़ित बडे घूमधाम तथा श्रद्धा से मनाते है। महराष्ट्र में भी यह त्यौहार मनाया जाता है। कश्मीर में इस व्रत को ''पत्रदान व्रत'' कहते हैं। काश्मीरी पण्ड़ित इस शुभ दिन पर लडकी के हाथ से काता

हुआ कपास का धगा कलश के घडवे को बान्धते हैं। धागे को कश्मीर में ''पन्न'' कहते है, चूंकि इस गणेश पूजन में धागा (पन्न) का प्रयोग किया जाता है अत: इस पूजा को ''पन्नदान व्रत'' भी कहते हैं। हे ब्राह्मण देवता तुम भाद्रशुकलपक्ष में विध्यनुसार तथा श्रद्धा से गणेश जी की पूजा कर के, अपनी शक्ति के अनुसार शुद्ध घी से पूडियाँ ''सवासेर'' आदि बनाकर भगवान् को अर्पण करने के पश्चात् आपका दारिद्रय समाप्त होगा और मनोवांछित फल की प्राप्ति होगी। ब्राह्मण को सारे व्रत का विधान बतलाकर बूढ़े ब्राह्मण ने यह ''पन्नदान व्रत'' करने का दृढ़ संकल्प किया, चूंकि यह मास भाद्रमास का चल रहा था अत: मैंने शीघ्रातिशीघ्र यह व्रत मनाना है। इस भवाना से ब्राह्मण भिक्षा के लिये निकला, गणेश जी की कृपा से भिक्षा में उसको पर्याप्त धन मिला, उसने आने वाले शुभ मुहूर्त पर ही भाई-बन्धुओं तथा मित्रों को एकत्रित करके यह पन्नदान व्रत किया और हर वर्ष भाद्र शक्लपक्ष में इस ''पन्नदान व्रत'' को करने की प्रतिज्ञा की। गणेश जी कीं कृपा से वह ब्राह्मण धनधान्य से सम्पन्न हुआ और उसकी सभी मनोकामनायें सिद्ध हुई सर्वशास्त्र ज्ञाता तपस्वी सूत जी कहते है जो मनुष्य इस ''पन्नदान व्रत'' को करेगा। गणेश जी की कृपा से उसे धनधान्य की प्राप्ति होगी, निर्धन धनी होगा, बन्दी बन्धन से मुक्त हो जायेगा, सन्तानहीनों को सन्तान प्राप्ति होगी, रोगी निरोगी होंगे। विशेषता इस ''पन्नदान व्रत'' के करने से उलझनों में उलझे हुये गृहस्थियों की हर एक उलझन सुलझ जायेगी और हर एक मनोकामना सिद्ध होगी। पन्न कथा के अन्त में हाथ में ली हुई द्रमन फूल आदि कलश के घडवे पर डालते हुये पढें : **''उभाभ्यां जानुभ्यां पाणिभ्यां शिरसा उरसा वचसा मनसा च नमस्कार करोमि नम:।''** पूडी सवासेर आदि सामने सभी सदस्य प्रसाद की थालियों को स्पर्श करें : **''अमृतेश मुद्रया अमृतीकृत्य अमृतम् अस्तु अमृतायतां नैवेद्यम्। सावित्राणि सावित्रस्य देवस्य त्वा सवितु: प्रसवे श्विनो र्बाहुभ्यां पूष्णों हस्ताभ्याम् आददे महागणपतये कुमाराय श्रियै सरस्वत्यै लक्ष्मयै विश्वकर्मणे द्वार्देवताभ्य: प्रजापतये ब्राह्मणकलशदेवताभ्य: ब्रह्म विष्णु महेश्वर – देवताभ्य: चातुर्वेदेश्वराय सानुचराय ऋतु – पतये नारायणाय दुर्गायै त्र्यम्बकाय वरुणाय यज्ञपुरुषाय अग्निष्वात्ता दिभ्य: पितृगणदेवता भ्य:। भगवते वासुदेवाय संकर्षणाय प्रद्युम्नाय अनिरुद्धाय सहस्त्र नाम्ने विष्णवे लक्ष्मी सहिताय नारायणाय। भवाय देवाय शर्वाय देवाय, रुद्राय देवाय पशुपतये देवाय उग्राय देवाय भीमाय देवाय महादेवाय ईशानाय देवाय**


ईश्वराय देवाय उमा – सहिताय शिवाय – पार्वता सहिताय परमेश्वराय। विनायकाय एकदन्ताय कृष्ण – पिंगलाय गजाननाय लम्बोदराय भालचन्द्राय हे रम्बाय आखुरथाय विघ्नेशाय विघ्नभक्ष्याय वल्लभासिहताय श्रीमहागणेशाय। कलीं कां कुमाराय षण्मुखाय मयूर – वाहनाय सेनाधि – अना श्वाय एका श्वाय, नीलाश्वाय प्रत्यक्ष देवाय परमार्थ साराय तेजोरूपाय प्रभासिहताय आदितया। भगवत्यै आमयै कामायै वार्वग्यै टंकधारिण्यैतारायै पार्वत्यै भगवत्यै ज्वाला भगवत्यै व्रीडा – भगवत्यै वैखरी भगवत्यै वितस्य भगवत्यै गंगा भगवत्यै यमुना भगवत्यै कालिका भगवत्यै सिद्ध – लक्ष्म्यै महात्रिपुर सुन्दर्यै सहस्रनाम्न्यै देव्यै भवान्यै अभंयकरी – देव्यै क्षेमं करी भगवत्यै सर्व शुत्रु घातिन्यै इह राष्ट्राधिपतये आनन्देश्वर – भैखाय इन्द्राय वज्रहस्ताय अग्नये शक्ति हस्ताय, यमाय दण्ड हस्तायनैऋतये खड्गहस्ताय वरुणाय पाशहस्ताय वायवे ध्वजहस्ताय कुवेराय गदा – हस्ताय ईशानाय त्रिशूलहस्ताय, ब्रह्मणे पद्महस्ताय विष्णवे चक्र हस्ताय अनन्तातिदभ्य: अष्टाभ्य: कुल नाग देवताभ्य: अग्न्या दित्याभ्यां वरुण चन्द्रमोभ्यां कुमार भौमाभ्यां विष्णु बुधाभ्यां इन्द्रा बृहस्पतिभ्यां सरस्वती शुक्राभ्यां प्रजापति शनैरचराभ्यां गणपति राहुभ्यां रूद्र – केतुभ्यां ब्रहा-धुवाभ्यां अनन्ता – गस्त्याभ्यां ब्रह्मणे कूमार्य धुवाय अनन्ताय हरये लक्ष्म्यै कमलायै शिखादिभ्य: पंच चत्वा रिशंत् वास्तोष्पति याग देवताभ्य: ब्राह्मादिभ्यो मातृभ्य: गौयार्दिभ्यो देवताभ्य: राका देवताभ्या: त्रिका देवताभ्या: सिनीवाली देवताभ्य: ब्रार्हस्पत्य देवताभ्य: ॐ भू देवताभ्या: ॐ भूवो देवताभ्य: ॐ स्व र्देवताभ्य: रौद्री देवताभ्य: ॐ भूर्भव स्वर्देवताभ्य: अखण्ड ब्रह्माण्ड याग देवताभ्य: धूर्म्य: उपधर्म्य: महागात्र्यै सर – स्वत्यै हरे – कादिभ्यो वटुकादिभ्य:। उत्पन्नम् अमृतं दिव्यं प्राक् क्षीरो दधि मन्थनात् अन्नम् अम्त रूपेण नैवेधं प्रति गृह्यताम्। सामूहिक आरती "जय जगदीश" करें फिर से हाथ में फूल लेकर पढ़ें :-

सर्वे भवन्तु सुखिन: सर्वे सन्तु निरामया:
सर्वे भद्राणि पश्यन्तु मा कश्चित् दु:ख भा भवेत्॥
असतो मा सद्गमय तमसो मा ज्योति र्गमय मृत्योर्माऽ मृतंगमय।
ॐ शान्ति शान्ति शान्ति।।

वटुक पूज़ा

(शिवरात्रि पूज़ा)

शिव महिम्नस्तोत्रम् सहित



कलश की सामग्री

चूना या चावल का आटा (मुटठी भर), गणेश, कुमार, लक्ष्मी, सरस्वती, विश्वकर्मा की तसवीरें या प्रतिमा, एक घडा जिस में ज़रुरत के मुताबिक कलश के अखरोट रहें, तिलक, फूल, अर्घ्य, धूप, पानी, प्रणीतपात्र के लिये थाली।

वटुक सामग्री

बरतनों की सामग्रीः एक नोट (शिव रुप), चार डुलिजियाँ (गण), चार वारि (छोटी घड़वियाँ), एक नारीकचलू या खोसु, दो छोटी घड़वियाँ (सत्रवारि), एक रत्नदीप, एक दीपक, एक डुल (चिलमची)

पूजा की सामग्री

सत्रपुतुल, सिन्दूर, कर्पूर, धूप, अगरबत्ती, कण्ठगण, घी, रूई, कन्द, फूल, (ब्यल वथर), चावल अर्घ्य के लिए, रूप वर्क (चान्दीवर्क), अखरोट, नाबद, किशमिश, नया यज्ञोपवीत, दूध, दही, ज़ंग के लिए एक थाली में चावल, नमक, सिक्का, एक अखरोट, नाबद, मधु, कण्ठघण, सुखे धान्य का घास, आसन बनाने के लिए आरियाँ लगभग १३, दर्भ, वुसर्य बनाने के लिए रक्षा सूत्र (नाखिन) फूलों की मालायें, माचिस सर्षप।

कलश पूज़ा

कलश को फूलों से सजा कर उसपर तिलक से ॐकार बनाऐं और पढें.

ॐकारो यस्य मूलं क्रम-पद-जठर-च्छन्द-विस्तीर्ण-शाखा, ऋक्पत्रं सामपुष्पं यजुर उचित फलः स्यात-अथर्व:प्रतिष्ठा। यज्ञच्छाया सुशीतो दि्वजगण-मधुपै:-र्गीयते यस्य नित्यं शक्तिः सन्धया-त्रिकालं दुरितभयहरः पातु नो वेदव्रक्षः।। मुक्ता-विद्रुम-मुकटां तत्वात्मवर्णोत्मिकाम। गायत्रीं वरदाभयोङ्कुशकरां शूलं कपालं गुणं शङ्ख चक्रम अधार-बिन्द-युगलं हस्तैर्वहन्तीं भजे।। आयातु वरदा देवी

त्र्यक्षरा ब्रह्मवादिनी। गायत्री च्छन्दसां मातर्ब्रह्मयोने नमोस्तु ते।। भद्रं पशयेम प्रचरेम भद्रं भद्रं वदेम श्रृणुयाम भद्रम। तत्रो मित्रो वरुणो मामहन्ताम-अदितिः सिन्धुः पृथिवीर-उत-द्यौः। अभि नो देवीरवसा, महः शर्मणा नृपत्नीं :, अच्छित्रपत्राः सचन्ताम। इहेन्द्राणीमुपहवये, वारुणानीं स्वस्तये, अग्नायीं सोमपीतये।। मही द्यौः पृथिवी च न इमं यज्ञं मिमिक्षताम, पिपृतां नो भरीमभिः।। तयोर-इत घृतवत पयो विप्रा रिहन्ति धीतिभिः, गन्धर्वस्य ध्रुवे पदे। स्योना पृथिवि भवानृक्षरा निवेशनी, यच्छाऽन शर्म सप्रथः।। अतो देवा अवन्तु नो यतो विष्णु-विचक्रमे, पृथिव्याः सप्त-धामभिः।। इंद विष्णु- विचक्रमे त्रेधा निदेधे पदम । समूह्यस्य पांसुरे ।। त्रीणि पदा विचक्रमे विष्णुर्गोपा अदाभ्यः , अतो धर्माणि धारयन। विष्णोः कर्माणि पश्यत यतो व्रतानि पस्पृशे, इन्द्रस्य युज्यः सखा। तत् विष्णोः परमं पंद सदा पश्यन्ति सूरयः, दिवीव चक्षुर-आततम।। तत विप्रासो विपन्यवो जागृवांस समिन्धते विष्णोर्यत परमं पदम ।। ॐ गायत्र्यै नमः ॐ भूर्भुवः-स्वः-तत-सवितु-र्वरेण्यं भर्गो देवस्य धीमहि धियो यो नः प्रचोदयात।।

क्षेत्रपालो(डुलिजियो) को अर्घ्य डालते हुए पढ़ें

अश्वमेधे घोराणामार्षम।। ॐ द्रष्ट्रे नमः उपद्रष्ट्रे नमोऽनुद्रष्ट्रे नमः ख्यात्रे नम उपख्यात्रे नमो, नुक्शास्त्रे नमः, श्रृण्वते नमः उपश्रृण्वते नमः, सते नमोऽसते नमो जाताय नमो जनिष्यमानाय नमो भूताय नमो भविष्यते नमः चक्षुषे नम श्रोत्राय नमो मनसे नमो वाचे नमो ब्रह्मणे नमः शान्ताय नमः तपसे नमः।।

कलश पर फूल चडाते हुए पढ़ें

ॐ आब्रह्मन ब्राह्मणो ब्रह्म-वर्चस्वी जायताम-अस्मिन राष्ट्रे राजन्य इषव्यः शूरो महारथो जायतां, दोग्ध्री धेनु र्वोढा ऽनड्वान् आशुः सप्ति-र्जिष्णू-रथेष्ठः, पुरन्धि-र्योषा

सभेयो, युवास्य यजमानस्य वीरो जायतां निकामे निकामे न: पर्जन्यो वर्षतु फलवतीर्न ओषधय: पच्यन्तां योगक्षेमो न: कल्पताम।।

अब विष्टर वाले प्रणीतपात्र में अर्घ्य, पुष्प, पानी, तिलक तथा तीन फूल चडाते हुए निम्नलिखित तीन मंत्र पढ़ें

1.संव्व: सृजामि ह्रदयं संसृष्टं मनो अस्तु व:।

2.संसृष्टास्तन्व: सन्तु व: संसृष्ट प्राणो अस्तु व:।

3.संय्याव: प्रियास्तन्व: संप्रिया ह्रदयानि व:।

4.आत्मा वो अस्तु सं प्रिय: संप्रियास्तन्वो मम।

(ज़ीवाधान)

प्रणीतपात्र के विष्टर से कलश, क्षेत्र पालों को पानी छिडकते हुए पढ़ें

१.अश्विनो प्राणस्तौ ते प्राणं दतां तेन जीव।

२.मित्रावरुणयो: प्राणस्तौ ते प्राणं दतां तेन जीव।

३.बृहस्पते:प्राण: स ते प्राणं दतांतु तेन जिव।

कलश के पूर्व में अर्घ्य फेकते हुए पढ़ें

ये देवा: पुर: संदोग्निनेत्रा रक्षोहणस्ते न: पान्तु ते नोऽवन्तु तेभ्य: स्वाहा। *कलश के दिक्षण में अर्घ्य फेकते हुए पढ़ें*

यं देवा दक्षिणात सदो यमनेत्रा रक्षोणस्ते न: पान्तु तं नोऽवन्तु तेभ्य: स्वाहा। *कलश के पश्चिम में अर्घ्य फेकते हुए पढ़ें*

ये देवा: पश्चात सदो मरुत नेत्रा रक्षोहणस्ते न: पान्तु तं नोऽवन्तु तेभ्य: स्वाहा।

कलश के उत्तर दिशा की ओर अर्घ्य फेक्ते हुए पढ़ें

ये देवा उतरात् सदो मित्रावरुण-नेत्रा रक्षोहणस्ते न: पान्तु तं नोऽवन्तु तेभ्य: स्वाहा। *अपने आप को तिलक लगाते हुए पढ़ें* अध्वर्योयं यज्ञो अस्तु देवा ओषधीभ्य: पशुभ्यो मे धनाय। विश्र्वस्मै भुताय ध्रुवो अस्तु देवा: स पिन्वव घटवत-देवयज्ञ। *अर्घ्य और फूल चढाते हुए पढ़ें*

इहैवैधि मा पच्योष्ठाः पर्वता इवाविचाचलत। इन्द्र इवेह ध्रव-तिष्ठेह ज्ञमुदारय। *दो दर्भ के तिनके अपने आसन के रुप में रखते हुए पढ़ें* इमम-इन्द्रो अदीधरत-ध्रुवं ध्रवेण हविषा हविः। तस्मै सोमो अधिब्रवतस्मा उ ब्रह्मणस्पतिः। *कलश के सामने दो तिनक दर्भ के छोड़ते हुए पढ़ें* ध्रुवा द्यौर्ध्रुवा पृथिवी ध्रुवासः पर्वता इमे। ध्रुवं विश्वमिदं, जगत ध्रुवो राजा विशामसि। *पृथ्वी माता को तिलक फूल तथा अर्घ्य लगाते हुए पढ़ें* मही द्यौः पृथिवी च न इमं यज्ञं मिमिक्षताम । पिपृतां न भरीमभिः। *आकाश की ओर अर्घ्य फेकते हुए पढ़ें*

बडित्था पर्वतानां क्षेत्रं बिभर्षि पृथिवि प्रया भूमिं प्रवत्वति महना जिनोषि महिनि। *आटे या चूने से लिखे अष्टदल के उत्तर पश्चिम कोने (गणेश) पर पुष्प, अर्घ्य, तिलक आदि लगाते हुए पढ़ें*

निषुसीद गणपते गणोषुत्वामाहु-विर्प्रतमं कवीनाम। न ऋते त्वत्क्रियते किंचारे महामर्कं मघवंश्चित्रमर्च। *अष्टदल के पश्चिम दक्षिण कोने पर पुष्प, अर्घ्य, तिलक आदि लगाते हुए पढ़ें (कुमार जी)*

कुमारं माता युवतिः समुब्धं गुहा बिभर्ति न ददाति पित्रे। अनीकमस्य नमिनज्जनासः पुरा पश्यन्ति निहितमरतौ। *अष्टदल के पूर्वोत्तर के कोने पर (लक्ष्मी) पर पुष्प, अघर्य, तिलक आदि लगाते हुए पढ़ें*

अश्वपूर्वां रथमध्यां हस्तिनाद प्रमोदिनीम। श्रियं देवीमुपह्वये श्रीर्मां देवी जुषताम। *अष्टदल के उत्तर के कोने पर (सरस्वती) पर पुष्प, अघर्य, तिलक आदि लगाते हुए पढ़ें* इयं शुष्मेभि विसखा इवारुजत-सानुर्गिरीणान्त-विंश्वभिर-ऊर्मिभिः।पारावतघ्नीम-अवसे सुवृक्तिभिः सरस्वतीम - आविवासेम धीतिभिः। *अष्टदल के बीच में (लक्ष्मी) पर अघर्य, तिलक आदि लगाते हुए पढ़ें*

कांस्यस्मितां हिरण्य प्राकाराम- आर्द्रां ज्वलन्तीं तृप्तां

तर्पयन्तीम। पद्मवर्णां ताम-इहोपहवये श्रियम। *पूर्व दक्षिण कोने पर (विश्वकर्मा) पुष्प, अर्घ्य, तिलक आदि लगाते हुए पढ़ें*

विश्ववकर्मा विश्ववदेवो विश्व ज़ित विश्वदर्शित:। ते त्वा घृतस्य धारया श्रैष्ठाय समसूषत।- *बीच में रखें हुए कलश (गडवे) में अर्घ्य, तिलक लगाते हुए पढ़ें* ब्रह्मा देवानां पदवी: कवीनाम - ऋषिर्विप्राणां महिषो मृगानाम। श्येनो गृदध्रणां स्वधिति:- वनानां सोम:पवित्रम- अत्येति रेभन। प्रेतत-विष्णु: स्तवते वीर्येण मृगो न भीम: कुचरो गिरिष्ठ:। यसयोरुषु त्रिषु विक्रमणेष्व-धिक्षियन्ति भुवनानि विश्वा। यो रुद्रो अग्नौ योऽप्सु य ओषधीषु यो वनस्पतिषु। योरुद्रा विश्वा भुवना विवेश तस्मै रुद्राय नमो अस्तु देवा:।। अग्निमीडे पुरोहितं यज्ञस्य देवम -ऋत्विजम्। होतारं रत्नधातमम ।। इषे त्वोर्जे त्वा वायव: स्थो, पायव: स्थ देवो वं: सविता प्रार्पयत, श्रेष्ठतमाय कर्मणे ।। अग्न आयाहि वीतये गृणानो हव्यदातये निहोता सत्सि बर्हिषि।। शन्नो देवीर -अभीष्टय आपो भवन्तु पीतये शंय्योरऽभि स्त्रवन्तु न: ।। आहं पितृन सुविदत्रां अवित्सि न पातञ्च विक्रमणं च विष्णो:।। बर्हिषदो ये सुधया सुतस्य भाजन्त पित्वस्त इहागमिष्ठा:।। वषटते विष्णवास आकृणोमि तन्मे जुषस्व शिपिविष्ट हव्यम। वर्धन्तु त्वा सुष्टुतयो गिरो मे यूयं पात स्वस्तिभि: सदान:।। फाल्गुने शक्ति सहिताय चक्रिणे नम:, क्रियासहिताय दामोदराय नम:। दुर्गायै त्रयमबकाय वरुणाय यज्ञपुरुषाय अग्निष्वात्तदिभ्य: पितृगणदेवताभ्यो नम: ।। (प्रधान) रात्रीं प्रपद्ये जननीं सर्वभूत-निवेशिनीम । भद्रां भगवतीं कृष्णां विश्ववस्य जगतो निशाम।। संवेशिनीं संयमनी ग्रहनक्षत्रमालिनीम। प्रपन्नोहं शिवां रात्रीं भेद्र पारमशीमहि नम:। कालरात्र्यै नम: तालरात्र्यै नम: राज्ञिरात्र्यै नम: शिवरात्र्यै नम:। यो रद्रो अग्नौ य अप्सु य ओषधीषु यो वनस्पषि। यो रुद्राय विश्वाभुवना विवेश तस्मै

रुद्राय नमो अस्तु देवाः। *सभी क्षेत्रपालों (बुलिजियों) पर अर्घ्य, डालते हुए पढ़े)* क्षेत्रस्य पतिना वयं हितेनेव जयामसि गामश्वं पोषयित्वा स नो मृडातीदृशे नमः हेरंकादिभ्यो नमः बटुकादिभ्यो नमः।। यौ ते श्वानौ यमरक्षतारौ चतुरक्षौ पथिरक्षी नृचक्षसौ । ताभ्यामेनं परिदेहिराजं - स्वस्ति चास्मा अनमीवञ्च धीहि।। यत्र वेत्थ वनस्पते देवानां गुह्या नामानि तत्र हव्यानि गन्तय।। मुञ्चामि त्वा हविषा जीवनाय कमज्ञात-यक्ष्माद उत्त राजयक्ष्मात। ग्राहि जग्राह यदि वैतदेनन्तस्या इन्द्राग्नी प्रमुक्तम एनम। । आत्मनस्-तम्-इंद विवृहामि ते।। तद्विष्णु परमं पदं सदा पश्यन्ति सूर्यः दिवीव चक्षुराततम्। तद्विप्रासो विपन्यवो जागृवासंः समिन्धते, विष्णोर्यत्परमं पदम्।। *कलश के समीप नैवेद्य रखकर निम्मिलिखित (नैवेद्य) मन्त्र पढ़ें*

सावित्राणि सावित्रस्य देवस्य त्वा सवितुः प्रसवेऽश्विनोर्बाहुभ्यां पूष्णोहस्ताभ्यामादधे। महागणपतये कुमाराय श्रियै सरस्वत्यै लक्ष्म्यै विश्वकर्मणे द्वार्देवताभ्यः प्रजापतये ब्रह्मणे कलशदेवताभ्यः ब्रह्मविष्णुमहेश्वरदेवताभ्यः चातुर्वेदेश्वराय सानुचराय।। ऋतुपतये नारायणाय दुर्गायै त्र्यम्बकाय वरुणाय यज्ञपुरुषाय अग्निष्वात्तादिभ्यः पितृगणयागदेवताभ्यः भगवते भवायदेवाय शर्वायदेवाय रुद्रायदेवाय पशुपतयेदेवाय उग्रायदेवाय भीमायदेवाय महादेवाय ईशानायदेवाय पार्वतीसहिताय परमेश्वराय।। अजैकपर्दिने अहिर्बुध्नयाय कृत्तिवाससे पिनाकभृते सिन्धवे बहुरूपाय हराय त्र्यम्बकाय त्रिनेत्राय वृषभ-वाहनाय शत-रुद्रेश्वराय मृत्युञ्जयभट्टारकाय। विनायकाय एकदन्ताय कृष्णपिङ्गलाय गजाननाय लम्बोदराय भालचन्द्राय हेरम्बाय आखुरथाय विघ्नेशाय विघ्नभक्ष्याय वल्लभासहिताय महागणेशाय। क्लींकां कुमाराय षण्मुखाय मयूरवाहनाय सेनाधियतये कुमाराय। भगवत्यै अमायै कामायै चार्वङ्ग्यै टङ्कधारिण्यै तारायै पार्वत्यै यक्षिण्यै

सहस्त्रनाम्नयै देव्यै भवान्यै। विष्णुपञ्चयतनदेवताभ्य: अभयङ्करीदेव्यै क्षेमङ्करीभवान्यै सर्वशत्रुघातिन्यै इह राष्ट्राधिपतये *(अपने भैरव का नाम लें)* अमुकभैरवाय हेरकादिभ्यो वंटुकादिभ्य: *(तिल, चावल, दूध, मुधु से मिलाया, हुआ)* तिलतण्डुलमात्रं दधिमधुमिश्रं ॐ नमो नैवेधं निवेदयामि नम:।।

कलश पर पुष्प, अर्घ्य, चडाते हुए पढ़ें हिरण्यगर्भ: समवर्त-नाग्ने भूतस्य जात: पतिर्-एक आसीत्। स दाधार पथिवीं द्याम्-उतेमां कस्मै देवाय हविषा विधेम।। य: प्राणतो निमिषतश्च राजा पतिर्विश्र्वस्य जगतो बभूव। ईशेयो अस्य द्विपदश्-चतुष्पद: कस्मै देवाय हविषा विधेम।। ये ओजदा बलदा यस्य विश्र्व उपासते प्रशिषं यस्य देवा:। यस्य छायामृतं यस्य मृत्यु: कस्मै देवाय हविषा विधेम।। येन द्यौर्-उग्रा पृथिवी दृढा येन सुस्तम्मितं येन नाकम।। यो अन्तरिक्षं विममे-वरीय: कस्मै देवाय हविषा विधेम।। य इमे द्यावा पृथिवी तस्तभाने आधारय द्रोधसी रेजमाने। यस्मिन्-नधि वितता: सूर एति कस्मै देवाय हविषा विधेम। यस्येमे विश्र्वे गिरयो महित्वा समुद्रं यम्य रसया सहाहु:। दिशो यस्य प्रदिश: पञ्चदेवी कस्मै देवाय हविषा हविषा विधेम। आपो ह यन्महती विश्र्वम्-आयु:- गर्भं दधाना जनयन्तीर्-अग्निम्।। ततो देवानां निरवर्त तासुर्-एक: कस्मै देवाय हविषा विधेम।। आ न: प्रजाञ्-जनयतु प्रजापति धार्ता दधातु सुमनस्यमान:। संवत्सर तृ्ऋतुभिश्चाक्लृपानो मयि पुष्टिं पुष्टिपतिर्दधातु।। अर्चन्तर्स्वा हवामहे अर्चन्त: समिधीमहि, अग्नेर्-अर्चत ऊतये अर्चत प्रार्चत प्रियमेधसो अर्चत। अर्चन्तु पुत्रका उत पुरं न धृष्णाम्-अर्चत अर्चत।।

।।इति कलशस्थापनम्।।

वटक पूज़ा

परिवार में जिस सदस्य ने शिवरत्रि व्रत रखा होगा वह नए अथवा स्वच्छ वस्त्रों को धारण कर परिवार के अन्य सदस्यों के सहयोग से सामग्री एकित्रत करते हुए भगवान् शंकर का ध्यान करें और 'ओ३म् नमः शिवाय' का उच्चारण करते रहें। अपनी-अपनी रीति के अनुसार वटुक को सजा कर आसन (आरियों) पर रखें। यजमान नया यज्ञोपवीत धारण करें। परिवार के अन्य सदस्य भी नया यज्ञोपवीत धारण करें। यज्ञोपवीत धारण करते हुए 'ज़ंग' भी रखें और गायत्री मन्त्र पढ़ें। थाली में अथवा भद्रपीठ पर सञ्पतुल या पार्थिश्वर रख कर नारीकचलू या खोसू से पात्र में जल की धारा डालते हुए पढ़ें।

अस्य श्री आसन शोधन मन्त्रस्य मेरुपृष्ठ ऋषिः सुतलं छन्दः कूर्मो देवता आसन शोधने विनियोगः।

पृथ्वी को तिलक लगा कर फूल चावल चढ़ाते हुए पढ़ें

प्रीं पृथिव्यै आधार शक्त्यै समालभनं गन्धो नमः, अर्घो नमः, पुष्पं नमः।

हाथ जोड़ कर पढ़ें पृथवी त्वया धृता लोका देवि त्वं विष्णुना धृता। त्वं च धारय मां देवि पवित्रं कुरु च आसनम्। *दर्भ के दो तिनके दोनों हाथों की अनामिका अंगुलियों में रख कर गणेश जी का ध्यान करते हुए पढ़ें*

शुक्लाम्बरधरं विष्णुं शशिवर्णं चतुर्भुजम्। प्रसन्नवदनं ध्याये-सर्वविघ्नोपशान्तये नमः। अभिप्रतार्थ सिद्धयर्थं पूजितो यः सुरैर् अपि सर्वविघ्नच्छिदे तस्मै श्री गणाधिपते नमः। कर्पूरगौरं करुणावतारं संसार सारं भुजगेद्रं हारम्। सदा रमन्तं हृदयारबिन्दे, भवं भवानीसहितं नमामि।

गुरुर्ब्रह्मा गुरुर्विष्णु गुरु साक्षात् महेश्वरः, गुरुदेव जगत्सर्वं तस्मै श्री गुरुवे नमः। गुरवे नमः। परम गुरवे नमः परमेष्ठ गुरवे नमः, परमाचार्याय नमः, आदि सिद्धेभ्यो नमः।

दर्भ के दो तिनके पकड़ कर इस तरह अङ्गन्यास कीजिए

हृदय को दोनों हाथों से छूते हुए पढ़ें
ॐ यो रुद्रो अग्नौ हृदयाय नमः *सिर को स्पर्श करते हुए पढ़ें* यो अप्सु य औषधीषु शिरसे स्वाहा, *चोटी को छूते हुए पढ़ें* यो वनस्पतिषु शिखायै वषट् *कानों को छूते हुए पढ़ें* यो रुद्रो विश्वाभुवना विवेश कवचाय हुम्। *आखों को छूते हुए पढ़ें* तस्मै रुद्राय नेत्राभ्यां वौषट् *चुटकी मार कर प्राणायाम करते हुए पढ़ें* नमो अस्तु देवा अस्त्राय फट् *चारों ओर तिल फैकते हुए पढ़ें* अपसर्पन्तु ते भूता ये भुवि संस्थिताः, ये भूता विघ्नकर्तारः ते नश्यन्तु शिवाज्ञया। *प्राणायाम करके हृदय और मुख को जल की छीटें देते हुए पढ़ें*
तीर्थे स्नेयं तीर्थम् एव समानानां, भवति मानः शंस्यो अरुरुषो धूर्तिः प्राणड् मर्त्यस्य रक्षाणो ब्रह्मणस्पते।
अनामिका अंगुली (पहले पर्व अर्थात् गण्ड) पर पवित्र धारण करें और पढ़ें शतधारं वसूनां पवित्रम् असि सहस्त्रधारम अयक्ष्मा वः प्रजया संसृजामि रायस्पोषेण बहुला भवन्ति। *यजमान को तिलक लगाते हुये (ज़ंग भी लगायें) पढ़ें* मन्त्रार्थाः सफलता सन्तु पूर्णा सन्तु मनोरथा शत्रुणां बुद्धि नाशो अस्तु मित्राणाम् उदयः तव आयुर् आरोग्यम् ऐश्वर्यम् एतत् त्रतियम् अस्तु ते! जीव त्वं शरदः शतम। *यजमान नारियल को बांध कर अपनी मध्यमा अंगुली से अपने आपको तिलक पुष्प लगाते हुये पढ़ें* परमात्मने पुरुषोत्तमाय पंच भूतात्मकाय विश्वात्मने मन्त्रनाथाय आत्मने नारायणाय आधार शक्तयै समालभनं गन्धोनमः। अर्घनमः। पुष्पं नमः।
दीपक को तिलक लगाते पढ़ें स्वप्रकाशो महादीपः सर्वतः तिमरा अपहः, प्रसीद मम गोविन्द दीपोयं परिकल्पिपतः।
धूप को तिलक अर्घ पुष्प चढ़ाते हुये पढ़ें वनस्पति रसो दिव्यो गन्धाढ्यो गन्ध-उत्तमः, आहवानं सर्वदेवानां धूपोयं प्रति गृह्यताम् परिकल्पितः। *सूर्य देवता को निर्माल्य के थाल में अघर्य चावल, फूल चढ़ाते हुये पढ़ें* नमो धर्म

निधानाय, नमः स्वकृत साक्षिणे, नमः प्रत्यक्ष देवाय भास्कराय नमो नमः। *दर्भ सहित कटोरी से शिवलिंग अथवा सञ्पुतलू पर जलधारा डालते हुये पढ़ें* यत्रास्ति माता न पिता न बन्धुर् भ्रातापि नो यत्र सुहृत् जनश्च, न ज्ञायते यत्र दिनं न रात्रिः तत्र आत्मदीपं शरणं प्रपद्ये। आत्मने नारायणाय आधार शक्तयै धूप दीप संकल्पात् सिद्धिर अस्त धूपो नमः, दीपो नमः।

ॐ तत् सत् ब्रह्म अद्य तावत् तिथौ अद्य फाल्गुण मासस्य कृष्णापक्षस्य तिथौ द्वादश्यां *(यदि द्वादश्यां दिवा हो)*/ परतः *त्रयोदश्यां (जो भी वार हो)* वासरा नित्वायां महागणपतये कुमाराय श्रियै सरस्वत्यै लक्ष्म्यै विश्वकर्मणे द्वारदेवताभयः प्रजापतये ब्राह्मणे कलश देवताभ्यः ब्रह्म-विष्णु-महेश्वर देवताभ्यः चतुर्वेदेश्वराय सानुचराय मासपतये नारायणाय फाल्गुने शक्ति-साहिताय चक्रिणे क्रिया-सहिताय गोविन्दाय दुर्गायै त्रयम्बकाय वरुणाय यज्ञ-पुरुषाय अग्नि ष्वातादिभ्यः पितृगण देवताभ्यः भगवते भवाय देवाय पार्वती सहिताय परमेश्वराय ह्रीं श्रीं देवीपुत्राय वटुकनाथाय कालरात्र्यै तालरात्र्यै राज्ञिरात्र्यै शिवरात्र्यै समस्त क्षेत्रपालेभ्यः धूपदीप संकल्पात् सिद्धिर् अस्तु धूपो नमः दीपो नमः।

बायां यज्ञोपवीत रखकर तिल सहित पानी से पितरों को जल देते हुये सञ्पुतलू पर जलधारा डालते हुये पढ़ें (धारा अंगूठे की तरफ से गिरनी चाहिए)

समस्त माता पितृभ्यो द्वादश दैवतेभ्यः पितृभ्यो शिवरात्रिवृतनिमित्तं-धूपः स्वधा दीपः स्वधा

दाईं भुजा में यज्ञोपवीत धारण करके विष्टर अथवा दर्भ के जल से पूर्ण खोसू या नारी कचलू में तिलक और तीन पुष्प डालते हुये पढ़ें

सं वः सृजामि हृदयं, संसृष्टं मनो अस्तुवः संसृष्टा तन्वः सन्तु वः संसृष्टः प्राणोऽस्तु वः। संख्या वः प्रियास्तन्वः

संप्रिया हृदयानि वः, आत्मा वो अस्तु संप्रियः संप्रियाः तन्वोमम। *इसी खोसू के जल से सञ्युतलू अथवा शिवलिंग या पार्थिवेश्वर और सारे वटुक नाथ को जल की छींटें दर्भ के तिनकों अथवा विष्टर से देते हुये पढ़ें*

अश्विनोः प्राणः तौ ते प्राणं दत्तां तेन जीव, मित्रा वरुणयोः प्राणः तौ ते प्राणं दत्तां तेन जीव बृहस्पतेः प्राणः सते प्राणं ददात् तेन जीव। समस्त शिवरात्रि देवताभ्यः जीवादानं परिकल्पयामि नमः। *गायत्री मन्त्र तीन बार पढ़ें*

ओ३म् भूर्भुवः स्वः तत्सवितुर्वरेण्यं भर्गो देवस्य धीमहि धियो यो नः प्रचोदयात्।। *अब पढ़ें*

ॐ तत् सत् ब्रह्म अद्य तावत् तिथौ अद्य फाल्गुन मासस्य कृष्णपक्षस्य तिथौ महापर्वणि द्वादश्यां परतः त्रयोदश्यां *(जो भी वार हो)* वासरान्वितायां, भगवतः भवस्य देवस्य, ईशानस्य देवस्य, महादेवस्य पार्वती सहितस्य परमेश्वरस्य देवीपुत्र वटुक नाथस्य कालरात्र्याः तालरात्र्याः शिवरात्र्याः समस्त शिवरात्रि देवतानां अर्चाम् अहं कारिष्ये ॐ कुरुष्व।

हाथ में पहले से पकड़े हुए दर्भ के दो तिनके निर्माल्य में छोड़कर थोड़ा तिल सर्षप और जव को लेकर कंधो पर से फेंकें, अब शंकर की मूर्ति के सामने दर्भ के दो तिनके (दर्भ के अभाव में दो फूल) आसन के रूप में डालते हुए पढ़ें ॐ

विश्वेश्वर महादेव राजराजेश्वर श्वर आसनं दिव्यम् ईशान दास्यामि अहं परमेश्वर भगवतः भवस्य देवस्य महादेवस्य पार्वती सहितस्य परमेश्वरस्य इदम् आसनं नमः।

चावल सहित दर्भ के दो तिनके अनामिका और मध्यमा अंगुलि पर अँगूठे से दबा कर यदि घंटी आपके पास हो बाएँ हाथ से बजाते हुए पढ़ें भगवते भवाय देवाय, शर्वाय देवाय, पशुपतये देवाय रुद्राय देवाय भीमाय देवाय, ईशानाय देवाय, ईश्वराय देवाय महादेवाय पार्वती सहिताय परमेश्वराय देवी पुत्र वटुक नाथाय कालरात्र्यै समस्त्

शिवरात्रि देवताभ्यः युष्मान् पूजामि ॐ पूजय।

चावलों को कंधों पर से फेंक कर दर्भ के पहले से रखे हुए दो तिनकों को हाथ में रख कर नए चावल के दानों के सहित पकड़ कर पढ़ें

भगवन्तं भवं देवं, शर्वं देवं, रुद्रं देवं, पशुपतिं देवं, उग्रं देवं, भीमं देवं, ईशानं देवं, ईश्वरं देवं, महादेवं, पार्वतीसहितं परमेश्वरं देवीपुत्र वटुक नाथं कालरात्री तालरात्री शिवरात्री समस्त शिवरात्रि देवता आवाहयिष्यामि, ॐ आवाहय।।

भगवान् शंकर की मूर्ति पर फूल चढ़ाते हुए पढ़ें

लिंगेऽद्य भक्त-दयया क्षणमात्रम् एकं स्थानं निधाय भव मत विहितां पुरारे। सर्वेश विश्वमय। हृत् कमलादि रूढ पूजां गृहाण भगवन् भव मे अद्य तुष्टः। भूमेर् जलात् च पवनात् अनलात् हिमांशोर् उष्णार्चिषो हृदयतो गगनात् समेत्य, लिंगद्य सन्मणिमये मत् अनुग्रहार्थं भक्तयैक लभ्य। भगवन् कुरु सन्निधानम् भगवन् पार्वतीनाथ भक्तानुग्रह कारक अस्मत् दयानुरोधेन सन्निधानं कुरु प्रभो।। *दोनों हाथों में मुट्ठी भर फूल उठाकर तीन बार गायत्री पढ़ कर भगवान् शंकर पर चढ़ाते हुए पढ़ें* इति आहूय तु गायत्रीं त्रिसम् उच्चार्य तत्त्ववित्, मनसा चिन्तितैर् द्रव्यै देवम् आत्मनि पुनर्यजेत्। पूजयेत्, तेजोरूपं ततः क्षिप्तवा प्रतिमायां पुनर्यजेत् *दोनों कन्धों से जव फेंक कर प्राणायाम करें और खोसू में जल डालते हुए पढ़ें* पाद्यार्थम् उदकं नमः, शन्नो देवीर् अभिष्टये आपो भवन्तु पीतये, शंयोर् अभि स्रवन्तु नः। *अब यही खोसू हाथ में लेकर पढ़ें*

भगवन्तः पाद्यं पाद्यम् *खोसू का जल भगवान् शंकर पर डालते हुए पढ़ें* महादेव महेशान महानन्द परात् पर गृहाण पाद्यं मत् दत्तं पार्वती परमेश्वर। भगवते भवाय देवाय पार्वती सहिताय परमेश्वराय देवीपुत्र वटुक नाथाय, कालरात्र्यै तालरात्र्यै शिवरात्र्यै समस्त शिवरात्रि देवताभ्यः पाद्यं नमः।। *इस पाद्य से बचा हुआ जल निर्माल्य पात्र में*

डालकर खोसू में फिर से जल डालते हुए पढ़ें शन्नो देवीर् अभीष्टय ।ापो भवन्तु पीतये शंयोर् अभि स्रवन्तुन:

दर्भ, जल, दूध, घी, दही, चावल से बने अर्घ्य को जल में डाल कर शंकर भगवान् पर अथवा ससज्युतलू पर डालते हुए पढ़ें भगवन्तो अर्ध्यम् अर्घ्यम्। त्र्यम्बकेश सदाचार विपदां प्रतिघातक अर्घ्यं गृहाण देवेश सम्प्त् सर्वार्थ साधक। भगवन् भवदेव पार्वती सहित परमेश्वर देवीपुत्र वटुक नाथ कालरात्रि तालरात्रि राज्ञिरात्रि शिवरात्रि समस्त शिवरात्रि देवता: इदं वोऽर्घ्यं नम:।

अब भगवान् शंकर को पंच दश स्नान इस प्रकार कीजिए, जल, दूध, दही, शहद, घी, फूल, सर्षप इन सब को मिलाकर शिवलिंग पर जल की धरा डालते हुए पढ़ें

1. असंख्याता: सहस्त्राणि ये रुदा अधिभूम्यां, तेषां सहस्त्र योजनेव धन्वानि तन्मसि

2. योस्मिन् महति अर्णवे अन्तरिक्षे भवा अधि। तेषां सहस्त्र योजनेव धन्वानि तन्मसि

3. ये नीलग्रीवा: शतिकण्ठा दिवं रुद्रा उपाश्रिता, तेषां सहस्त्र योजनेव धन्वानि तन्मसि

4. ये नीलग्रीवा शिति कण्ठा शर्वा अध: क्षमा चरा तेषां सहस्त्र योजनेव धन्वानि तन्मसि

5. ये वनेषु शिषिपिंजरा नीलग्रीवा विलोहिता: तेषां सहस्त्र योजनेव धन्वानि तन्मसि

6. ये एतावन्तो वाभूयां सो वा दिशो रुद्रा वितिष्ठिरे तेषां सहस्त्र योजनेव धन्वानि तन्मसि

ॐ यो रुद्रो अग्नौ यौ अप्सु य औषधीषु यो वनस्पतिषु। यो रुद्रो विश्वा भुवना विवेश तस्मै रुद्राय नमो अस्तु देवा:। भगवते भवाय देवाय उमा सहिताय शिवाय पार्वती सहिताय परमेश्वराय पंचदश स्नानं परिकल्पयामि नम:।

देवता तथा पितरों के लिए चावल, दही, तिल और घी सहित जल से तर्पण करते हुए पढ़ें ब्रह्मादया देवा:

तृप्यन्ताम् *गले में यज्ञोपवीत रखकर पढ़ें* सनकादय: ऋषय: तृप्यन्ताम्

यज्ञोपवीत बाएँ तरफ रख कर पढ़ें

अग्नि ष्वात्ता दय: पितर: तृप्यन्ताम् तृप्यन्ताम् तृप्यन्ताम्।

यज्ञोपवीत दायाँ रख कर पढ़ें ॐ नमो देवेभ्य:।

यज्ञोपवीत गले में रख कर पढ़ें स्वाहा ऋषिभ्य:

बायाँ यज्ञोपवीत रखकर पढ़ें स्वधापितृभ्य:,

दायाँ यज्ञोपवीत रख कर पढ़ें आब्रह्म स्तम्ब पर्यन्तं ब्रह्माण्डं सचराचरं जगत् तृप्यतु तृप्यतु तृप्यतु।

शंकर भगवान् या सञ्चुतलू पर फिर से स्नान के निमित्त जलधारा डालते हुए पढ़ें

त्रयम्बकं यजामहे सुगन्धिं पुष्टिवर्धनम्। उर्वारुकम् इव बन्धनात् मृत्योर मुक्षीय मामृतात्। शिवरात्रि देवताभ्य: मन्त्रगुडकं नम:।

बाईं हथेली के मध्य में थोड़ा सा चावल सहित जल और उसी हाथ की तर्जनी और अँगूठी में थोड़ा सा चावलों सहित जल लेकर उसी हाथ को देवताओं यानी वटुक राज के चारों ओर घुमाकर उस जल और चावलों को बाएँ कंधे पर से फेंकते पढ़ें (यानी आलथ निकालते हुए पढ़ें)

रक्षोहणं वाजिनम् आजिघर्मि मित्रं पृथिष्ठम् उपयामि शर्म। शिशानो अग्नि: क्रतुभि: समिद्ध: सनो देव: सरिष: पातु नक्तम्। शिवरात्रि देवताभ्य: आरात्रिकां परिकल्पयामि नम:।

दाएँ अँगूठे तथा तर्जनी यानी अँगूठे की साथ वाली अंगुलि से सञ्चुतलू शिव मूर्ति का स्पर्श करके अपने नेत्रों से लगाते हुए पढ़ें।

भवाय देवाय उमासहिताय शिवाय पार्वती सहिताय परमेश्वराय नेत्र स्पर्शनं नम:।

अब जहाँ शंकर की मूर्ति कौ बिठाना हो वहाँ फूलों से आसन सजाते हुए पढ़ें

आसनाय नम: वृषभासनाय नम: शतदल वृषभ आसनाय

पद्मासनाय नमः सहस्त्रदल पद्मासनाय नमः।
अब सोने के वर्कों और मालाओं से शंकर भगवान् तथा वटुक नाथ को सजाकर महिम्नापार तथा देवी के श्लोक पंचस्तवी आदि के श्लोक पढ़ते हुए फूल चढ़ाते जायें। भगवान् शंकर पर वस्त्र के रूप में फूल चढ़ाते हुए यह श्लोक पढ़ें कालाग्निरुद्र सर्वज्ञ वरदाऽभयदायक वस्त्रं गृहाण देवेश दिव्य वस्त्रोप शोभितम्। समस्त शिवरात्रि देवताभ्यः वस्त्रं परिकल्पयामि नमः।
यज्ञोपवीत के रूप में पुष्प चढ़ाते हुए पढ़ें
यज्ञोपवीतं परमं पवित्रं प्रजापतेर्यत् सहजं पुरस्तात्, आयुष्यम् अग्र्यं प्रतिमुञ्च शुभ्रं, यज्ञोपवीत् बलम् अस्तु तेजः। समस्त शिवरात्रि देवताभ्यः यज्ञोपवीतं परिकल्पयामि नमः।। *शंकर की मूर्ति वटुक नाथ को तिलक, सञ्जुतलू को चन्दन तथा बाक़ी पात्रों को सिंदूर लगाते हुए पढ़ें*

त्रिपुरान्तक देवेश पार्वती प्राण वल्लभ। गृहाण गन्धं काश्मीर चन्द्रचन्दन कल्पितम्। भगवते भवाय देवाय, महादेवाय, ईशानाय देवाय, उमासहिताय शिवाय, पार्वती सहिताय परमेश्वराय देवीपुत्र वटुकनाथाय कालरात्र्यै तालरात्र्यै शिवरात्र्यै समस्त शिवरात्रि देवताभ्यः अर्घोनमः पुष्पं नमः।
(धूप आलनावुन)
महादेव मृढानीश जगत ईश निरंजन धूपं गृहाण देवेश साज्यं गुग्गुल कल्पितम्। *(रत्न दीप और काफ़ूर आलनावुन)*
ॐ तत् सत् ब्रह्म अद्यतावत् तिथौ अद्य फाल्गुन मासस्य कृष्णपक्षस्य तिथौ समस्त शिवरात्रि देवताभ्यः रत्नदीपं परिकल्पयामि नमः *'दर्भ हुड़' से चामर करते हुए आरती करें* ॐ अतिभीषण कटुभाषण यमकिङ्कर पटली, कृत ताडन परिपीडन मरणागम समये। उमया सह मम चेतसि यमशासन निवसन्, शिवशङ्कर शिवशङ्कर हर मे हर दुरितम्। अतिदुर्नय चटुलेन्द्रिय रिपु सञ्चय दलिते,

पविकर्कश कटुजल्पित खलगर्हण चलिते। शिवया सह ममचेतसि शशिशेखर निवसन्, शिवशङ्कर शिवशङ्कर हर मे हर दुरितम्। भव-भञ्जन सुर-रञ्जन खलवञ्चन पुरहन्, दनुजान्तक मदनान्तक रविजान्तक भगवन्। गिरिजावर करुणाकर परमेश्वर भयहन, शिवशङ्कर शिवशङ्कर हर मे हर दुरितम। शक्रशासन कृतशासन चतुराश्रम विषये, कलिविग्रह भवदुर्ग्रह रिपुदुर्बल समये। द्विज क्षत्रिय वनिता शिशुदर कम्पित हृदये, शिवशङ्कर शिवशङ्कर हर मे हर दुरितम। भवसम्भव विविधामय परिपीडितवपुषं, दयितात्मज ममताभर कलुषी कृत हृदयम्। करु मां निजचरणार्चन निरतं भव सततं, शिवशङ्कर शिवशङ्कर हर मे हर दुरितम्। शिवशङ्कर शिवशङ्कर हर मे हर दुरितम्, शिवशङ्कर शिवशङ्कर हर मे हर दुरितम्।।

ॐ तत् सत् ब्रह्म अद्य तावत् तिथौ अद्य फाल्गुनमासस्य कृष्णपक्षस्य द्वादश्यां परतः त्रयोदश्यां तिथौ समस्त शिवरात्रि देवताभ्यः चामरं परिकल्पयामि नमः।

फूल चढ़ाते हुए पढ़ें नवरत्नमयं दिव्यं मुक्ता जाल विभूषितम् गृहाण छत्रं भगवान् शिव भद्रासन प्रद। समस्त शिवरात्रि देवताभ्यः छत्रं परिकल्पयामि नमः। *आईना दिखाते हुए पढ़ें*

एताभ्यः समस्त शिवरात्रि देवताभ्यः आदर्शं परिकल्पयामि नमः *फिर से वटुक नाथ आदि को फूल चढ़ाते हुए पढ़ें*

एताभ्यः समस्त शिरात्रि देवताभ्यः वासो नमः

नमस्कार करते हुए पढ़ें एतासां देवतानाम् अर्घ्यदानादि अर्चन विधि सर्वः परिपूर्णः अस्तु।

दूध कन्द या नाभद आदि वटुक में डालते हुए पढ़ें

क्षीराज्य मधु सम्मिश्रं शुभ्रदध्ना समन्वितम्। षड् रसैश्च समायुक्तं गृहाण अन्नं निवेदये। समस्त शिवरात्रि देवताभ्यः मात्रा मधुपर्क चरुं नैवेधं समर्पयामि नमः।

फूलों की अंजलि चढ़ाते हुए पढ़ें

हर विश्वा खिलाधार निराधार निराश्रय पुष्पाँजलिम् इमं शम्भो गृहाण वरदो भव। समस्त शिवरात्रि देवताभ्य: पुष्पाँजलिम् समर्पयामि नम:। *मन से अर्ध परिक्रमा करते हुए पढ़ें*

यानि कानि च पापानि ब्रह्महत्या-दिकानि च।
तानि तानि प्रणश्यन्ति शिवस्यार्ध प्रदक्षिणात्

भगवान् शंकर पर फूल चढ़ाते हुए पढ़ें

नागेन्द्र हाराय त्रिलोचनाय, भस्मांग रागाय महेश्वराय। देवधि देवाय दिगम्बराय तस्मै नकाराय ॐ नम: शिवाय। मातङ्ग-चरमाम्बर-भूषणाय, समस्त-गीर्वाण-गणार्चिताय। त्रैलोक्य नाथाय पुरान्तकाय, तस्मै मकाराय ॐ नम: शिवाय। शिवा-मुखाम्भोज-विकासनाय दक्षस्य यज्ञस्य विनाशकाय। चन्द्रार्क वैश्वानर लोचनाय तस्मै शिकाराय ॐ नम: शिवाय। वशिष्ठ-कुम्भोत्-भव गौतमादि-मुनीन्द्र-वन्द्याय गिरीश्वराय। श्रीनीलकण्ठाय वृषध्वजाय तस्मै वकाराय ॐ नम: शिवाय। यज्ञ-स्वरूपाय जटाधराय पिनाकहस्ताय सनातनाय। नित्याय शुद्धाय निरंजनाय तस्मै यकाराय ॐ नम: शिवाय।

आत्मा त्वं गिरिजा मति: सहचरा: प्राणा: शरीरं गृहं पूजा ते विषय उपभोग रचना, निद्रा समाधि स्थिति:। संचार: पदयो: प्रदक्षिण विधि: स्त्रोत्राणिसर्वा गिर:। यत् यत् कर्म करोमि तत् तत् अखिलं शम्भो: तव आराधनम।

उभाभ्यां जानुभ्यां शिरसा उरसा वचसा नमस्कारं करोमि नम:।

चावल (ज़ंग) आदि को (लव देते हुए) संकल्प करते हुए पढ़ें

अन्नं नम:अन्नं नम: आज्यं अन्नम् अद्य दिने अद्य यथा संकल्पात् सिद्धिर् अस्तु। अन्न हीनं विधि-हीनं द्रव्य-हीनं यत् गतं तत्सर्वम् अछिंद्र सम्पूर्णम् अस्तु एवम् अस्तु

खोसू में दाएँ हाथ की अंगुलियों के ऊपर से जल डाल कर उसी जल से शंकर भगवान तथा वटुक नाथ आदि को जल आचमन के रूप में देते हुए पढ़ें

शं नो देवीर् अभिष्टये आपो भवन्तु पीतये शंयोर् अभि स्रवन्तु नः, समस्त शिवरात्रि देवताभ्यः अपोशानं नमः आचमनीयं नमः *फिर से दायें हाथ की अंगुलियों के ऊपर से खोस में जल डालकर उस में सिक्के के रूप में कुछ दक्षिणा भी डालें, वह दक्षिणा सभी वटुक नाथ आदि को अर्पण करते हुए पढ़ें*

